>

Title: Need to improve Railway connectivity in Hamirpur, Uttar Pradesh.

श्री राजनरायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर, उत्तर प्रदेश में देश की आजादी के बाद से रेलवे द्वारा किसी भी प्रकार का कोई कार्य आज तक नहीं किया गया। हरपालपुर से पनबाड़ी, राठ, मुस्करा, विवॉर होते हुए मुख्यालय हमीरपुर तक एवं महोबा से चरखारी, राठ, गोहाण्ड होते हुए उरई तक हरपालपुर से राठ-गोहाण्ड-सरीला-वंडौत होते हुए कालपी तक नई रेल लाइन बिछाई जाये। खजुराहो-महोबा रेल लाइन बनकर लगभग तैयार है, उसका यथाशीघ्र उद्घाटन कर खजुराहो से महोबा होते हुए दिल्ली एवं खजुराहो से बनारस के लिए आवश्यक रेलगाड़ियों के साथ गरीब रथ या शताब्दी जैसी ट्रेनों को चलाने की आवश्यकता है। साथ ही एक गरीब रथ एक्सप्रेस दिल्ली से पटना तक वाया झांसी-महोबा-बांदा-चित्रकूट-इलाहाबाद होते हुए चलाय जाये। उत्तर प्रदेश सम्पर्क क्रांति की घोषणा माननीय रेल मंत्री जी ने अनुपूरक मांगों के जवाब में सदन में पांच दिन चलाने के लिए मेरे द्वारा की गयी मांग के उत्तरोत्तर में की थी जिसे तुंत चलाया जाये। रायपुर से लखनऊ चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस का रगौत, हमीरपुर जनपद रेलवे स्टेशन पर ठहराव की आवश्यकता है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि लोगों की आवश्यकता एवं क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने एवं आवागमन के साधन उपलब्ध कराने हेतु उपरोक्त जगहों में नई रेल लाइन बिछाने, महोबा-खजुराहो रेल मार्ग का उद्घाटन तथा उक्त सभी रेलगाड़ियां चलाये जाने के आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें। रागौत में गरीब रथ का ठहराव।